सार-समाचार

12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म

राजसमंद, (निसं। जिले में राजनगर थाना अन्तर्गत बडारडा ग्राम पंचायत क्षेत्र में 12 वर्ष की मासूम बच्ची को घर में अकेली होने का मौका देखकर एक हैवान युवक ने दुष्कर्म जैसी घीनोनी वारदात को अन्जाम देने का मामला सामने आया हैं। परिजन घर आए तो लहूलुहान हालत में पडी बच्ची को तुरन्त आरके जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर बच्चीं का इलाज करवाया जा रहा है। परिजनों ने ईलाज के दौरान राजनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार फिलहाल पीडिता खतरे से बाहर हैं। राजनगर थाना प्रभारी योगेश योगेश चौहान ने बताया कि बडारडा क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बालिका घर में अकेली थी और उसके मां व पिता खेत पर गए हुए थे। इस दौरान मजेरा तहसील देलवाडा हाल बडारडा निवासी दिनेश भील वहां आया और देखा की बालिका घर में अकेली हैं। इस मौके का फायदा उठाकर उसने बालिका के साथ दुष्कर्म कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गई। घटना की सूचना पर परिजन घर पहुंचे तो बालिका को लहू लोहान हालत में देख कर चौंक गए। जिसके बाद तुरंन्त परिजन बालिका को लेकर आरे जिला अस्पताल पहुंचे व इलाज करवाने के साथ ही उसके पिता ने राजनगर थाने में जाकर मजेरा, देलवाडा हाल बडारडा निवासी दिनेश भील के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करवाया। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया, जो संभावित जगह पर दबिश दे रही है, लेकिन अभी तक आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया कि पीडित बालिका पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत है और पुलिस द्वारा पीडिता के न्यायालय में बयान पंजीबद्ध करवाने की कार्रवाई भी चल रही है।बडारडा सरपंच गणेश कुमावत ने बताया कि आरोपी दिनेश भील पहले से शादीशुदा है और यहां पर मजदूरी व खेत सिजारी का कार्य करता है। आरोपी अपनी पत्नी, उसकी एक बच्ची और साली के साथ किराए के मकान में रहता था। इसी दौरान उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी दिनेश भील मूलत देलवाडा क्षेत्र के मजेरा गांव का निवासी हैं। मामले को लेकर राजनगर थाने में एफआईआर दर्ज होने के साथ ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं। लेकिन आरोपी का अभी तक कोई सुराग नही लगा है। इस तरह की गंभीर घटना को लेकर बडारडा व आसपास के क्षेत्र के लोगो में आक्रोश व्याप्त हैं। वहीं ग्रामीण आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाई करने की मांग कर रहे हैं।

हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। कल्याणपुर थाना पुलिस ने चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार पीडित नाना पुत्र दीता निवासी निचली कटेव ने कल्याणपुर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवकाया। जिसमें उसने बताया कि 30 अक्टूबर को मेरा पुत्र राशन का सामान लेकर पण्डयावाड़ा गांव से घर लौट रहा ा। जहां बीच रास्ते में हिरा पुत्र रामा की दुकान के पास खड़े संदीप पुत्र सुरेश व बाबुल पुत्र कांतिलाल तथा अन्य पांच साथियों ने मेरे पुत्र राजेन्र्द कुमार व उसके साथी सुनिल पुत्र जयन्तिलाल तथा विक्रम पुत्र सुरेश पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। जिससे राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई तथा सुनिल व विक्रम घायल हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में कल्याणपुर थानाधिकारी उम्मेदीलाल मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बाबुलाल पुत्र कांतिलाल निवासी अमरपुरा तथा संदीप उर्फ सन्दा पुत्र सुरेश निवासी अमरपुरा ऋषभदेव को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटैन किया।

अस्पताल व बैंक का किया भ्रमण

देवगढ़, (निसं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ के विद्यार्थियों ने बैगलेस डे के अंतर्गत किया राजकीय अस्पताल,पोस्ट ऑफिस और बैंक का बुधवार को भ्रमण किया। स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने स्थानीय राजकीय चिकित्सालय ,एसबीआई बैंक और पोस्ट ऑफिस का निरीक्षण करके जानकारी प्रदान की चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुराग शर्मा ने विद्यार्थियों को चिकित्सालय की सभी गतिविधियों से रूबरू करवाया एवं विद्यार्थियों कि शंकाओ का समाधान किया। साथ ही स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर ने विद्यार्थियों को बैंक में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों विभिन्न प्रकार के खातों एवं लाभकारी योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया इसके बाद पोस्ट ऑफिस के अधिकारी नागजी रामजी ने विद्यार्थियों को पोस्ट ऑफिस के इतिहास के बारे में बताते हुए सभी प्रकार के काउंटर की जानकारी दी जिसमें विद्यार्थियों को सुकन्या योजना पोस्टल आर्डर विभिन्न प्रकार के पत्र व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई

सांवलिया जी सेठ दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)। राजस्थान सरकार के यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक में भगवान श्री सांवलिया जी सेठ दर्शन किए। मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने मंडफिया पहुंचकर भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। अध्यक्ष टांक का मंदिर कार्यालय में ऊपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे। मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इसी तरह कोटपूतली जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने भी भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। एसपी दुष्यंत का भी मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

अवैध शराब से भरी पिकअप जब्त

उदयपुर, (कासं)। पानरवा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दस लाख रूपये की अवैध शराब से भरी पिकअप वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज राजेश मीणा के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा विधान सभा उपचुनाव 2024 के चलते शराब तस्करों पर कार्यवाही करने के निर्देश पर पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में पानरवा थानाधिकारी अंकित कुमारसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने लथुनी में नकाबांदी शुरू की। इस दौरान बोलेरों पिकअप वाहन को रोक पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम दिपक पुत्र ललीत निवासी जैन मोहल्ला बस्सी समचोत सलुम्बर होना बताया। इस पर वाहन की तलाशी ली तो उसमें करीब दस लाख रूपये मूल्य की अवैध शराब के 161 कर्टन पाए गए।

विधायक जैन ने फतहपुरा चौराहे का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने बुधवार को फतहपुरा चौराहे बोटल नैक में आ रही दुकानों को तोडक़र चौराहे के नवीनीकरण के काम का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक जैन ने यूडीए और निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहे के किनारे-किनारे 5 फीट का फुटपाथ बनाया जाए ताकी पैदल चलने वालों को आसानी हो।

यूडीए ने रविवार को फतहपुरा चौराहे पर बोटलनैक के रूप में आ रही 24 दुकानों को ध्वस्त कर इस चौराहे को चौड़ा करने का काम शुरू किया है। इसी को लेकर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने बुधवार को इस चौराहे पर

■ **चारों तरफ पैदल चलने के लिए 5 फीट का फुटपाथ बनाने के निर्देश**

चल रहे काम का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन ने निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी और यूडीए के अधिशाषी अभियंता नीरज माथुर से इस चौराहे की डिजाईन को समझा। इसके साथ ही विधायक जैन ने निगम व यूडीए के अभियंताओं को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि चौराहे के चारों तरफ पैदल चलने वालों के लिए 5 फीट का फुटपाथ बनाया जाए ताकी पैदल चलने वालों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। साथ ही अधिकारियों से कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि चौराहे पर अवैध रूप से ऑटो, टैक्सी या निजी वाहनों की अवैध रूप से पार्किंग ना हो। शहर विधायक ताराचंद जैन ने यूडीए के अधिकारियों से कहा कि इस चौराहे की डिजाईन ऐसी बने कि यह चौराहा शहर के खुबसूरत चौराहों में गिना जाए। मौके पर आए यूडीए के तहसीलदार डॉ अभिनव शर्मा व पटवारी सुरपाल सिंह से रविवार को की गई कार्यवाही और ध्वस्त की गई दुकानों के मुआवजे के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वहां पर महापौर जीएस टांक, भाजपा नेता और पूर्व उप महापौर महेन्द्र सिंह शेखावत, गिरिश शर्मा, गजेन्द्र जैन, मांगूसिंह रावत सहित कई अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।



उदयपुर के फतहपुरा चौराहा का शहर विधायक ताराचंद जैन ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मन्त्र

उदयपुर, (कासं)। सलूम्बर विधानसभा में आसन्न उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को उदयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एयरपोर्ट से सीधे वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के रिसोर्ट पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं की गुप्त बैठक ली। बैठक से मीडिया को दूर रखा गया। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सलूम्बर सीट को हर कीमत पर जीतना चाहते

■ **एयरपोर्ट के समीप रिसोर्ट पर ली कार्यकर्ताओं की गुप्त बैठक**

है। इसलिए गुप्त बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। करीब एक से डेढ़ घंटे तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सलूम्बर विधानसभा के बारे में अब तक किए गए प्रचार प्रसार और की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। पार्टी सूत्रों के अनुसार चावण्ड स्थित चामुंडा माता मंदिर के समीप सलूम्बर से पार्टी प्रत्याशी शांता मीणा के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा होने वाली है। जनसभा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह, गिर्वा के पूर्व प्रधान तखत सिंह सहित स्थानीय भाजपा नेताओं ने सभा स्थल का दौरा किया और वहां पर की जा रही तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। तखत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 11 नवम्बर को चुनावी सभा होगी। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। इकरार कर अन्य को जमीन बेच कर पीडित से नकदी लेकर हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार पीडित दुलाराम पुत्र रोड़ा गमेती निवासी खुमाणपुरा बडगांव ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 2023 में गोटीपा वल्लभनगर निवासी चेनाराम पुत्र गंगाराम गमेती से 18 लाख रूपये में जमीन खरीदने का सौदा तय कर इकरार किया तथा 4 लाख रूपये से अधिक नकदी का भुगतान किया। निर्धारित समय पर रजिस्ट्री नहीं करवाने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। इस पर पडताल की तो आरोपी ने जमीन अन्य को बेच दी। इस पर बडगांव थानाधिकारी पूनाराम के नेतृत्व में एएसआई रोशनसिंह ने आरोपी चेनाराम को गिरफ्तार किया।

यातायात व्यवस्था बदहाल

भीम, (निसं)। कस्बे से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारे सर्विस लाइन सड़क किनारे जहां-तहां बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन, दुकानों के बाहर रखे सामानों और ठेलों के कारण पूरा कस्बे में आए दिन जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कस्बे के डाक बंगला अस्पताल रोड स्टेट बैंक के बाहर, सदर बाजार बड़ौदा बैंक के पास ,निचला बाजार पड़ाव, यूनियन बैंक के सामने, ट्रक चौराया तहसील रोड आदि प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था बदहाल है, । कस्बे की यातायात पुलिस एवं प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं करने से यातायात व्यवस्था और भी बदहाल होती चली जा रही है। मुख्य मार्गों और बाजारों में लगने वाले जाम से लोग परेशान है।

कस्बे के सब्जी मंडी बलाइयो का कुआं, बदनोर चौराया टॉडगढ़ रोड, रोडवेज बस स्टैंड, डाक बंगला से बलाइयो कुआं तक राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे सर्विस लाइन सहित अन्य क्षेत्रों में अत्याधिक यातायात के दबाव के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। कस्बे में मुख्य चौराहे पर यातायात पुलिस तैनात रहने के बाद भी स्थिति जाम की रहती है।

दातापति हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन



हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में अन्नकूट का आयोजन हुआ।

उदयपुर,(कासं)। हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में अन्नकूट का आयोजन किया गया।

दातापति हनुमान मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी मंगलवार को राम दरबार एवं ठाकुरजी महाराज, गजानंदजी, वैष्णोंदेवी, सर्वेश्वर महादेव, दातापति हनुमान, राडाजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया तथा मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत रोशनी, गुब्बारों से सजाया गया। शाम मंदिर में 56 भोग धराये गए। रामस्तुति एवं ठाकुरजी को महिलाओं ने आवभगत करते हुए मंगल गीत गाए। तत्पश्चात महंत रामदास वैष्णव ने भगवान को 56 भोग धराया। हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालिसा,श्रीराम स्तुति करने के बाद बालाजी महाराज की आरती की गई। मंदिर में आने वाले सनातनियों ने अन्नकूट प्रसाद प्राप्त किया। आसपास क्षैत्र के सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद प्राप्त कर धार्मिक आयोजन का आनन्द लिया। महंत ने बताया कि 15 नवंबर को मंदिर में राडाजी महाराज की प्रसादी का होगी जिसमें सभी भक्तों को शामिल होने का आग्रह किया है।

उद्योग आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की जरूरत : प्रो. सुनीता

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और नेशनल अकादमिक डिपोजिटरी (एनएडी) के अंतर्गत आ रही चुनौतियों एवं उनके समाधान पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि एनईपी 2020 के तहत उद्योग-आधारित पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक

■ **डॉ. कुमावत ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त चुनौतियों को समझना और समाधान खोजना है**

कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रमों को इस प्रकार तैयार करना चाहिए जिससे छात्रों को रोजगार के अवसरों में लाभ मिले और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्राप्त हो सके।

कार्यशाला की शुरुआत परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश चन्द्र कुमावत के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की आवश्यकता और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. कुमावत ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त चुनौतियों को समझना और उनका समाधान खोजना है, ताकि छात्रों को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह कार्यशाला महत्वपूर्ण साबित होगी।कार्यशाला के दौरान डॉ. एन.के. पारीक ने नेशनल अकादमिक डिपोजिटरी (एनएडी) की भूमिका और इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके प्रमाणपत्रों को एनएडी पर अपलोड और डाउनलोड करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई, जिससे शैक्षिणक दस्तावेज़ों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।प्रो. के.बी. जोशी ने कार्यशाला में एनईपी 2020 को लागू करने में आ रही चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विश्वविद्यालयों को इस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए, ताकि इसके लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुँच सकें।कार्यशाला का समापन उपकुलसचिव डॉ. मुकेश बारबर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वरदीचन्द गर्ग, वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ. जी.एल. वसीटा और बी.एल. वर्मा सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

एक दिवसीय कार्यशाला को कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा (दाएं से दूसरे) ने संबोधित किया।

दो राशन डीलर व एक लेम्प्स व्यवस्थापक गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। राशन की दुकान में गबन करने के दो आरोपी राशन डिलर व एक लेम्प्स व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कसारवाडी थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को प्रवर्तन निरीक्षण लालशंकर डामोर ने राशन डिलर तोलसिंह पुत्र हातु डामोर निवासी मस्का छोटा हाल उचित मूल्य दुकानदार ग्राम पंचायत मस्का बडा भाग द्वितीय द्वारा 336.29 क्विंटल गेहूं का गबन एवं दुरुपयोग कर खुर्द बुर्द किये जाने का मामला दर्ज कराया था।

इसी तरह 9 मार्च को डामोर ने ग्राम पंचायत सातसेरा भाग द्वितीय एवं अस्थाई सातसेरा भाग प्रथम के उचित मूल्य दुकानदार प्रभुलाल पुत्र मडिया डामोर निवासी फुलपुरी के विरुद्ध 348.72 क्विंटल गेहूं का गबन एवं दुरुपयोग कर खुर्द-बुर्द करने का मामला दर्ज कराया था। इसी तरह 28 अक्टूबर को प्रवर्तन निरीक्षण धर्मेन्द्र रोत ने राशन डिलर बसुलाल पुत्र भूरजी डामोर निवासी कसारवाडी व्यवस्थापक लेम्प्स कसारवाडी द्वारा 281.55 क्विंटल गेहूं, 112 लीटर केरोसीन व 10.87 किग्रा. चीनी गबन एवं दुरुपयोग का मामला दर्ज कराया था। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, एएसपी राजेश भारद्वाज एवं वृत्ताधिकारी कुशलगढ मदनलाल विश्नोई के मार्गदर्शन में थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।

पुलिस ने अनुसंधान में आरोप प्रमाणित होने पर तीनों की गिरफ्तारी के लिये तलाश की तो तीनों आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार हो गये। पुलिस ने आज तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह शक्तावत, सहायक उपनिरीक्षक प्रेमपाला व प्रहलाद, कसारवाडी थाने के कांस्टेबल जनक पाटीदार, रविप्रताप व चालक कांस्टेबल कांतिलाल तथा कुशलगढ थाने के कांस्टेबल दिनेशचंद्र शामिल रहे।

सार-समाचार

अवैध हवाले के 40 लाख रुपये जब्त

बांसवाड़ा, (निसं)।त्यौहारों के मद्देनजर व चौन स्त्रेचर व अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिये पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के निर्देशन में पुलिस थाना राजतालाब ने नाकाबंदी के दौरान मुखबीर की सूचना से एक कार में अवैध हवाले के 40 लाख रुपये ले जाते हुए उन्हें जब्त किये। थानाधिकारी ने बताया कि बांसवाडा से डूंगरपुर की तरफ जा रही कार को मुखबीर की सूचना पर जाप्ते को अलर्ट करते हुए सख्ती से वाहन तलाशी के निर्देश दिये गये। शाम लगभग सात बजे थाने के सामने नाकाबंदी कर रहे हैड कांस्टेबल गौतमलासल, कांस्टेबल सुरेश, कमलेश व चालक परेश पाटीदार ने कार रोककर तलाशी ली तो कार की डिक्की में एक गत्ते के कार्टून में 40 लाख रुपये बरामद हुए। चालक ने अपना नाम अनिल पुत्र पवन कटारा निवासी सेमलिया थाना गढी व पास बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विमल पुत्र नानालाल जैन निवासी परतापुर, गणेश मंदिर के पीछे थाना गढी, जिला बांसवाडा होना बताया। चालक अनिल उक्त राशि के बारे में कोई वैध दस्तावेज के बारे में संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया और न ही राशि के संबंध में वैध दस्तावेज पेश किये।

बस की चपेट से युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षैत्र पावर हाउस के समीप बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को देबारी पावर हाउस के समीप सडक पार करते समय बाइक सवार को बस ने कुचल दिया। जिससे बाइक चालक कमलोद देबारी निवासी नाथूसिंह (39) पुत्र रोड़सिंह की मौत हो गई।

तनिष्क ने जीता कांस्य पदक

उदयपुर,(कासं)।उदयपुर की बेटी तनिष्क पटवा ने चीन में आयोजित सीनियर महिला ड्रैगन बॉट वर्ल्डकप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत प्रदेश व उदयपुर का नाम रोशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्डकप प्रतियोगिता में उदयपुर के लिए यह पहला पदक है। चीन में यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय कैनो फैडरेशन द्वारा 23 से 28 अक्टूबर तक आयोजित हुई। पदक विजेता खिलाड़ी तनिष्क पटवा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बहुत ही कड़ा मुकाबला था परन्तु सभी खिलाड़ियों के आपसी तालमेल व मेहनत का ही नतीजा है कि हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता। पटवा ने कहा कि इसका श्रेय में मेरे कोच दिलीप सिंह चौहान, निश्चय सिंह चौहान व उदयपुर के साथी खिलाड़ियों को देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे इस काबिल बनाया की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर की पहचान बना सकूं। भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के लिए इस टीम का चीफ कोच दिलीप सिंह चौहान को नियुक्त किया गया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर
(RHB Office Building भामाशाह सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN
पत्र क्रमांक:- उप आ.आ./वृत-उदय/2024-25/761 दिनांक:-4.11.2024
Registered

-:जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण):-

फ्लेट संख्या GVF/E-07 (First Floor) आयवर्ग MIG-A माप 18.65 वर्ग मीटर योजना गोवर्धन विलास आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री हिमांशु शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शम्रा को आवंटन पत्र क्रमांक 1061 दिनांक 04.12.2014 जारी कर दिनांक 10.03.2015 को कब्जा दिया गया। उक्त फ्लेट का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 44 दिनांक 06.04.2015, श्री हिमांशु पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 07.05.2015 द्वारा श्री हिमांशु शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा के पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री हिमांशु शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा ने उक्त फ्लेट का बैचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 02.06.2016 को श्री प्रतीक भटनाकर पुत्र श्री दिलीप भटनाकर को किया गया।

श्री प्रतीक भटनागर पुत्र श्री दिलीप भटनागर ने पुन: फ्लेट का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 24.09.2024 को श्री पुष्पेन्द्र कुमार सोनी पुत्र श्री रामप्रसाद सोनी को किया गया। श्री पुष्पेन्द्र कुमार सोनी पुत्र श्री रामप्रसाद सोनी ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त फ्लेट को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण फ्लेट संख्या GVF/E-07 (First Floor), गोवर्धन विलास आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री पुष्पेन्द्र कुमार सोनी पुत्र श्री रामप्रसाद सोनी के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत- उदयपुर

कार्यालय नगरपालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)
क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2024-25/3828 दिनांक: 6.11.2024

-: लोक सूचना :-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों/स्वामियों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

क्र. सं.	नाम आवेदन व खातेदार	जिले व तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षैत्रफल व प्रयोजन
1.	श्री मदन लाल कुमावत पिता श्री गोवर्धन लाल कुमावत व श्री ललित कुमावत पिता श्री देवीलाल टांक निवासी कपासन	तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़	कपासन	7222/2845	5380 वर्गफिट यानि 500 वर्गमीटर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ)

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस समय लोक सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 6.11.24 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका, कपासन

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F7(12)PLAN/LANDUSE/2024/ दिनांक: / / 2024

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्वग्राम/ योजना	खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि कीस्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1.	श्री हर्षित सोनी पिता श्री मुकेश सोनी	तुलसीदास जी की सराय	25,27, 872/27 931/1	01	2646.00 वर्गफीट	उदयपुर से चित्तौड़गढ़ जाने वाले 300 फीट चौड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पर दी राईजिंग रिसोर्ट के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

**कार्यालय उदयपुर विकास प